# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 24.07.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा अवैध गांजे के साथ 02 अन्तर्राज्जीय अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से 05 किलोग्राम 65 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन ईगल" के क्रम में थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ 02 अन्तर्राज्जीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 23.07.2026 की देर शाम थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम तेरही माफी रोड थाना तिंदवारी से 02 अभियुक्तों को अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से कुल 05 किलो 65 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि बरामद गांजा उन्होंने थाना तिंदवारी के ही आशीष से खरीदा है व अधिक दाम में बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस द्वारा बरामद अवैध सूखे गांजे को कब्जे में लेकर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को मा0 न्यायालय भेजा गया।

**बरामदगी-**

- 05 किलो 65 ग्राम अवैध सूखा गांजा।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. हरेन्द्र पुत्र स्व. कन्हिया लाल निवासी ग्राम आरा थाना शाहपुर जनपद भोजपुर राज्य बिहार।
2. सरिवन उर्फ श्रवण पुत्र स्व. रामबालक निवासी ग्राम महतवनिया थाना उदवन्त नगर जनपद भोजपुर राज्य बिहार।

**फरार अभियुक्त-**

1. आशीष पुत्र अज्ञात निवासी तेरहीमाफी थाना तिन्वारी जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 154/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना तिंदवारी जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह
2. कां0 सुमंत सिंह
3. कां0 अमन मिश्रा
4. कां सत्यम उपाध्याय
5. म0कां दीक्षा राजपूत
6. म0कां प्रीति साहू